Name:
Register No:

608082

# SECOND SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION, APRIL 2025
## HINDI
## HIN2FA104(2) Sanchar Aur Rachana Bhag – 2
## (Hindi Bhasha Mein Sanchar Aur Rachanatmak Lekhan - BHAG II )

**Maximum Time: 1.5 Hours.** **Maximum Marks : 50**

**(खंड क)**

**(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है । अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं । )**

1. "आभी" कहानी किस विषय पर केन्द्रित है?
2. बचन बिन्नी के पास क्यों लौट आयी ?
3. 'झुका हुआ गाँव' कहानी की सार्थकता क्या है?
4. 'लड़की का एकांत' कविता स्त्री चेतना के किस पक्ष को उजागर करती है ?
5. 'इस बारिस में' कविता का मूल भाव क्या है?
6. काला किसका प्रतीक है ?
7. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए –

   उसने पोस्टकार्ड फिर मेरे हाथ से ले लिया ।

8. निम्नलिखित वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

   क ) मैं ने तनिक नरम होकर पूछा ।

   ख ) नागिन माँ कुल्हाड़ों की पैनी धार के डर से मंदिर के गर्भगृह में साँसें रोके चुप बैठी रहती है ।

9. काल के विभिन्न रूपों को पहचानिए ।

   क ) मैं सचमुच कुछ नहीं जानता ।

   ख ) पंडितजी ने पोथी–पत्रा बटोरा ।

10. इनमें कौन सा अव्यय है?

   क ) बिल्ली की हत्या और आदमी की हत्या बराबर है ।

   ख ) चन्द्र के बिना रजनी नहीं सुहाती ।

608082

**(खंड ख)**

608082

**(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक है ।अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं ।)**

11."लेटर–बॉक्स" कहानी में शरणार्थियों की दीन–हीन दशा का कैसा वर्णन प्रस्तुत है?

12.प्रस्तुत पंक्तियों का भावार्थ लिखें ।

माँओं का महत दायित्व था
लडकी को पवित्र रखना
उकाबों और गिद्धों से भरी इस दुनिया में
उकाबों और गिद्धों से भरी
इस दुनिया के लिए

13.प्रस्तुत पंक्तियों का भावार्थ लिखें ।

अपने ही ऋणों के दलदल में धँस गए
जो आरुणि की तरह शरीर को ही मेड बना लेते थे
मिट्टी में जीवन–द्रव्य बचाने
स्वयं खेत हो गए
कितना आसान है हत्या को आत्महत्या कहना
और दुर्नीति को नीति

14.निम्नलिखित में से किसी एक अवसर या घटना की डायरी लिखें।

( क ) किसी त्योहार के संबंध में ।

( ख ) कॉलेज का पहला दिन ।

( ग ) किसी फ़िल्म के बारे में।

(घ ) विशेष दृश्य के संदर्भ में।

15.हिन्दी में अनुवाद करें ।

Then nothing less will suffice. Do you realize how big a sin it is to kill a cat, Ramu's mother? When you think about the expense, first consider your daughter-in-law's sin! This is atonement, not some joke. Atonement depends on one's status, and accordingly, the expense will follow. Your people are not ordinary folk. Spending a hundred or hundred and fifty rupees is nothing for you.

( Sin - पाप , Expense- खर्च , Atonement – प्रायश्चित)

608082

608082

## (खंड ग)

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है।**

16. "आर्द्रा" ममता के आदर्श को उजागर करने वाली कहानी है – चर्चा करें।

17. महिला सशक्तिकरण पर एक निबंध लिखिए।

608082